सोनभद्र पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 27.11.2026

- **थाना पिपरी पुलिस को मिली महत्वपूर्ण सफलता, मात्र 15 दिनों में लगभग ₹1.63 करोड़ मूल्य के 34.850 टन एल्यूमिनियम की चोरी का किया सफल अनावरण।**
- **महाराष्ट्र से चोरी के मामले में संलिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी किया गया शत-प्रतिशत एल्यूमिनियम एवं ट्रक सहित पूरा माल बरामद।**

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र **श्री अभिषेक वर्मा** के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन **श्री ऋषभ रुणवाल** एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी **श्री विनय प्रभाकर साहनी** के पर्यवेक्षण में थाना पिपरी पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थाना पिपरी पुलिस द्वारा लगभग **₹1 करोड़ 63 लाख मूल्य के 34.850 टन एल्यूमिनियम** की चोरी के मामले का सफल अनावरण करते हुए महाराष्ट्र के रहने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा चोरी किए गए शत-प्रतिशत एल्यूमिनियम एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को भी बरामद कर लिया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण एवं की गई कार्यवाही-

थाना पिपरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 207/2026, धारा 316(3), 3(5), 338, 336(2), 340(2), 61(2), 317(2), 317(5) बीएनएस से संबंधित प्रकरण में लगभग ₹1 करोड़ 63 लाख मूल्य के 34.850 टन एल्यूमिनियम की चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना पिपरी पुलिस द्वारा गहन विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी गए माल की बरामदगी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

इसी क्रम में दिनांक 24.11.2026 को थाना पिपरी पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आए अभियुक्तगण सचिन अशोक शेलके एवं नवनाथ अशोक शेलके को **महाराष्ट्र** से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से दिनांक 25.11.2026 को ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर दोनों अभियुक्तों को जनपद सोनभद्र लाया गया।

पुलिस द्वारा प्रकरण में चोरी किए गए कुल 34.850 टन एल्यूमिनियम, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ₹1.63 करोड़ है, को परिवहन में प्रयुक्त ट्रक सहित शत-प्रतिशत बरामद कर लिया गया है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. सचिन अशोक शेलके पुत्र स्व0 अशोक शेलके, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी पर्सागांव, तहसील मालेगांव, थाना ग्रामीण मालेगांव, जनपद नासिक, महाराष्ट्र।
2. नवनाथ अशोक शेलके पुत्र स्व0 अशोक शेलके, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी पर्सागांव, तहसील मालेगांव, थाना ग्रामीण मालेगांव, जनपद नासिक, महाराष्ट्र।

बरामदगी का विवरण-

1. 34.850 टन एल्यूमिनियम (अनुमानित कीमत लगभग ₹1.63 करोड़)।
2. चोरी के एल्यूमिनियम के परिवहन में प्रयुक्त ट्रक।

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 207/2026, धारा 316(3), 3(5), 338, 336(2), 340(2), 61(2), 317(2), 317(5) बीएनएस, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष पिपरी, जनपद सोनभद्र।
2. उ0नि0 श्री नवनीत कुमार चौरसिया, पुलिस चौकी रेनुकूट, थाना पिपरी।
3. उ0नि0 श्री अनिल तिवारी, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र।
4. हे0का0 श्री शेषनाथ पाण्डेय, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र।
5. अन्य पुलिस कर्मचारीगण, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र।